हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 20 सितंबर 2025
[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]



## खबर संक्षेप

### संभागस्तरीय काव्यपाठ स्पर्धा का आयोजन होगा 24 को

**कोण्डागांव**। रजत जयंती वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग रायपुर द्वारा संभाग स्तरीय काव्य–पाठ प्रतियोगिता का आयोजन जगदलपुर स्थित इंदिरा स्टेडियम में 24 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी ऑनलाइन वेबसाइट पर पंजीयन कर सकते हैं। प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष होनी चाहिए।

### वार्षिक साधारण सम्मेलन में 26 को, शामिल होंगे अंशधारक

**कोण्डागांव**। मां दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी समिति मर्यादित द्वारा ग्राम कोकोड़ी में 80 केएलपीडी क्षमता के मक्का आधारित इथेनॉल संयंत्र की स्थापना की गई है। संस्था का वार्षिक साधारण सम्मेलन 26 सितम्बर को दोपहर 12 बजे से आडिटोरियम, बंधापारा बार्ड कोण्डागांव में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में समिति के समस्त अंशधारी सदस्य शामिल होंगे।

### अधिवक्ताओं की टीम ने लिया जर्जर सड़क का जायजा, न्यायाधीश को सौंपेंगे रिपोर्ट

**केशकाल**। शहर की जर्जर सड़क व आम जनता को हो रही परेशानियों को देखते हुए बीते दिनों जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सड़क की वस्तुस्थिति की जानकारी हेतु कोंडागांव से अधिवक्ताओं की एक जांच टीम गठित कर विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी। जिसके परिपालन में शुक्रवार को अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दीपक ठाकुर, गोपाल दीक्षित समेत पीडब्ल्यूडी एवं राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम केशकाल पहुंची। इस दौरान उन्होंने जनपद पंचायत से पंचवटी तक पैदल नगर का भ्रमण कर सड़क की वस्तुस्थिति का जायजा लिया। साथ ही स्थानीय नगरवासियों, दुकानदारों एवं राहगीरों से बातचीत कर एक विस्तृत जांच रिपोर्ट तैयार की गई है। यह रिपोर्ट जिला एवं सत्र न्यायाधीश को सौंपी जाएगी। इस दौरान अधिवक्ता दुर्गेश जोशी, महेश बघेल, सरस्वती सेठिया, उमा मानिकपुरी, ब्रिज कुमेटी आदि मौजूद रहे।

### खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण अनियमितता पर नोटिस जारी

**कोण्डागांव**। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डी.के. देवांगन ने आज कोंडागांव के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। चलित खाद्य प्रयोगशाला से खाद्य पदार्थों की जाँच की। निरीक्षण में कई जगहों पर अनियमितताएं पाई गईं। मदिरा दुकान के पास एक अहाता में निरीक्षण के दौरान, कर्मचारी बिना एप्रन और हेड कवर के काम करते मिले, और खाद्य सामग्री ढकी हुई नहीं थी। इस पर संचालक को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही, वहाँ तलने में इस्तेमाल हो रहे तेल और अरारोट पाउडर का नमूना भी जाँच के लिए लिया गया है। इसके अलावा, बस स्टैंड स्थित लक्ष्मी प्रोविजन स्टोर्स में भी जाँच हुई, जहाँ दुकान में जरूरत से ज्यादा सामान भरा हुआ था। जाँच में काफी मात्र में एक्सपायर्ड सामान जैसे घी, धनिया पाउडर, चाय, मसाले और चाउमिन मिले, जिन्हें बेचने वाले अन्य सामानों के साथ ही रखा गया था। इस पर विक्रेता को नोटिस जारी कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बस स्टैंड के अंदर फल की दुकानों का भी निरीक्षण किया गया, जहाँ दुकानदार गलत लेबल वाले सामान बेच रहे थे। सभी दुकानदारों को ऐसे सामानों की बिक्री तुरंत बंद करने की चेतावनी दी गई है।

### टेलीफान अदालत कम ओपन हाऊस होगा 29 को

**जगदलपुर**। दूरसंचार बस्तर वाणिज्यिक क्षेत्र जिला कांकेर, बस्तर, दन्तेवाड़ा, नारायणपुर, बीजापुर, सुकमा एवं कोण्डागांव के समस्त उपभोक्ताओं के लिए 29 सितंबर की सुबह 11 बजे महाप्रबंधक दूरसंचार जिला बस्तर जगदलपुर के कार्यालय में टेलीफोन अदालत कम ओपन हाऊस लगाया जाएगा। अदालत में टेलीफोन संयोजन, वियोजन, स्थानांतरण, खराबी एवं अधिक बिलिंग संबंधी शिकायतें जो तीन माह से अधिक या कम अवधि से लंबित हों तथा जिन पर विभाग द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नही की गई हों ऐसे प्रकरण भेजे जा सकते हैं।

## कलेक्टर ने महतारी सदन, छात्रावास और पीएचसी बहीगांव का किया निरीक्षण

# कलेक्टर ने केशकाल विकासखण्ड का किया सघन दौरा नगर के मुख्य मार्ग के मरम्मत कार्य का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने गुरुवार को केशकाल विकासखंड का सघन दौरा किया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, निर्माणाधीन भवनों और सड़कों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार और सड़क मरम्मत के निर्देश – कलेक्टर ने केशकाल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बन रहे ऑपरेशन थिएटर का निरीक्षण किया और इसे जल्द से जल्द शुरू करने के लिए आवश्यक उपकरण और विशेषज्ञ डॉक्टरों की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने ब्लड बैंक का भी जायजा लिया। इसके बाद, उन्होंने ग्राम चारभाटा में नए बन रहे उप–प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन का निरीक्षण किया और यहाँ भी जल्द स्टाफ की व्यवस्था कर प्राथमिक चिकित्सा सेवा शुरू करने का निर्देश दिया।

**अड़ेगा में शासकीय उद्यान रोपणी का भी अवलोकन किया** – कलेक्टर ने केशकाल शहर के मुख्य मार्ग में चल रहे मरम्मत कार्य को भी देखा और राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम अड़ेगा में शासकीय उद्यान रोपणी का भी अवलोकन किया और उच्च प्राथमिक विद्यालय, प्लाटपारा के भवन की मरम्मत के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इस दौरान, उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज केशकाल विकासखंड के बहीगांव का दौरा किया। उन्होंने निर्माणाधीन महतारी सदन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी और प्री–मैट्रिक बालक छात्रवास का निरीक्षण किया और अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

**स्वास्थ्य सुविधाओं और महिला सशक्तिकरण पर जोर** – कलेक्टर ने निर्माणाधीन महतारी सदन का निरीक्षण करते हुए काम की गुणवत्ता बनाए रखने को कहा। यह सदन ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाया जा रहा है। उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर बहीगांव पीएचसी का भी अचानक दौरा किया। यहाँ उन्होंने गर्भवती महिलाओं की बेहतर स्वास्थ्य जाँच और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने लैब और प्रसव कक्ष का जायजा लिया और दवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली।





### छात्रावास की सुविधाओं में सुधार के निर्देश

इसके बाद, कलेक्टर ने बहीगांव के प्री–मैट्रिक बालक छात्रवास का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से बात कर उनकी आवासीय सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सहायक आयुक्त को निर्देश दिया कि सभी कंप्यूटर ठीक से काम करें और कंप्यूटर कक्ष और रीडिंग रूम के लिए अतिरिक्त कमरे की व्यवस्था की जाए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर.के. चतुर्वेदी, सहायक आयुक्त —पेंद्र तिवारी, उद्यानिकी विभाग के अधिकारीगण, एन.एच. के अधिकारीगण और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पीएम सूर्यघर योजना के कार्यो का किया निरीक्षण



**कोण्डागांव**। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने आज शहर के विकास नगर में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थी शिवेश तालुकदार के घर जाकर सोलर प्लांट का अवलोकन किया। उन्होंने हितग्राही से योजना के लाभ के बारे में जानकारी ली। तालुकदार ने कलेक्टर को बताया कि उन्होंने 5 किलोवाट का सोलर प्लांट लगवाया है। उन्हें 78 हजार की सब्सिडी मिली है। उन्होंने कहा कि पहले उनका बिजली बिल 4 हजार से 5 हजार तक आता था, लेकिन अब वह शून्य हो गया है। कलेक्टर ने जिले के अधिक से अधिक लोगों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की। इसके बाद, कलेक्टर ने मसौरा में बन रहे पावर स्टेशन का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों को निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

## आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

**कोण्डागांव**। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज फरसगांव विकासखंड के सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र मिचीपारा और आंगनबाड़ी केंद्र जुगानीकलार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों की सुरक्षा और बेहतर देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### पोषण, सफाई और बचत पर जोर

निरीक्षण के दौरान, कलेक्टर ने बच्चों की गतिविधियों को देखा और उनकी सराहना की। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियमित रूप से पोषण आहार देने और कुपोषित बच्चों की विशेष देखभाल करने को कहा। जुगानीकलार के आंगनबाड़ी केंद्र में उन्होंने साफ–सफाई और अन्य व्यवस्थाओं की प्रशंसा की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि अन्य केंद्रों में भी ऐसी ही व्यवस्थाएँ शुरू की जाएँ। इसके अलावा, कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं से भी बातचीत की और उन्हें समय पर स्वास्थ्य जाँच कराने की सलाह दी। उन्होंने महिलाओं को अपनी बेटियों के नाम पर सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता खुलवाने और सरकारी योजनाओं से मिली राशि में से बच्चों के भविष्य के लिए बचत करने के लिए भी प्रेरित किया।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अवनी बिस्वाल, सहायक आयुक्त —पेंद्र तिवारी, जनपद पंचायत सीईओ सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण और समय पर निराकरण करें: नूपुर राशि



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज समय–सीमा की बैठक में स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान, सेवा पखवाड़ा और आदि कर्मयोगी अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। अभियानों और योजनाओं पर कलेक्टर के निर्देश स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज से अभियान की शुरुआत की जाएगी। इसके तहत जिला, ब्लॉक और स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए जाएँगे, जहाँ बालिकाओं और महिलाओं की स्वास्थ्य जाँच होगी। रक्तदान शिविर जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। कलेक्टर ने लोगों से अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की है। दीदी ई–रिक्शा योजना कलेक्टर ने बिहान के अंतर्गत दीदी ई–रिक्शा योजना से ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को लाभ पहुँचाने के लिए श्रम विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग को आपसी समन्वय से काम करने को कहा। आदि कर्मयोगी अभियान इस अभियान में बैंक सखी को शामिल करते हुए उनका पंजीयन कराने के निर्देश दिए गए। जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण और समय पर निराकरण सुनिश्चित करें। केशकाल शहर के मुख्य मार्ग की मरम्मत पर भी चर्चा की गई। किसानों का एग्री स्टैक में शत–प्रतिशत पंजीकरण कराने और गिरदावरी कार्य को बेहतर ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए गए। कृषि केंद्रों में खाद बिक्री पर कड़ी निगरानी रखने और अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई करने को कहा गया।

### योजना और विकास कार्यों की समीक्षा की

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना और जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की गई। इसके अलावा, छात्रवासों, आँगनबाड़ी भवनों और अन्य निर्माणाधीन सरकारी इमारतों की प्रगति की भी जाँच की गई। कलेक्टर ने इन सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय–सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### सेंट्रल लाइब्रेरी की विद्युत व्यवस्था शीघ्र ठीक की जाए

**कोण्डागांव**। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज सेंट्रल लाइब्रेरी पहुंचकर छात्र छात्राओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। विद्यार्थियों ने एसी पंखे नहीं चलने और वाईफाई सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया। जहां संबंधित स्टाफ द्वारा एमसीबी खराब होने की जानकारी दी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को तुरंत आवश्यक सुधार कार्य कर विद्युत व्यवस्था ठीक कराने को कहा। साथ ही वाई फाई सुविधा को भी दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम अजय उरांव उपस्थित रहे।



## कुर्मीकोट मोड़ के पास हुआ हादसा

# दो बाइक में सीधी टक्कर पांच घायलों में दो रेफर

**फरसगांव**। रांधना रोड में पासंगी पुल के पास कुर्मीकोट मोड़ में गुरुवार को अपरान्ह करीब 4 बजे दो बाइक की सीधी टक्कर हो गई। हादसे में पांच लोग घायल हो गए , जिनमें से दो को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है ।

जानकारी के अनुसार कोटवेल निवासी भूपेंद्र शोरी और सोनाबेड़ा निवासी नीलम पांडे और पीलेश्वरी पांडे तीनों एक बाइक में सवार होकर फरसगांव से सोनाबेड़ा जा रहे थे। तभी सामने से अन्य बाइक में ग्राम कोसाहरदुई निवासी सोनाबाल शोरी और उसकी पत्नी तुलसी शोरी बाइक में सवार होकर फरसगांव की ओर आ रहे थे। इन दोनों बाइक की कुर्मीकोट मोड़ के पास आपस में टक्कर हो गई । हादसे में सभी घायल हो गए, सभी घायलों को उपचार के लिए तत्काल फरसगांव अस्पताल लाया गया। भूपेंद्र शोरी और पिलेश्वरी पांडे के पैर में गंभीर चोट आने के चलते प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों को बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि नीलम पांडे और पिलेश्वरी पांडे फरसगांव में कॉलेज करती है। कॉलेज से अपने घर भूपेंद्र शोरी की बाइक में लिफ्ट लेकर जा रहीं थीं, तभी हादसा हो गया ।



### प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवारों को 16 लाख की आर्थिक सहायता

**कोण्डागांव**। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने प्राकृतिक आपदा में जान गंवाने वाले 4 लोगों के परिवारों को 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी है। यह राशि सीधे मृतकों के वारिसों के बैंक खातों में भेजी जाएगी। जिन परिवारों को यह सहायता दी गई है, उनमें धनमती नेताम ग्राम कुकाड़गारकापाल, तहसील कोंडागांव के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी माता मंगलदई नेताम और पिता रामूराम नेताम को 4 लाख की सहायता दी गई। लियाना ग्राम संबलपुर, तहसील कोंडागांव के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी माता गोंची और पिता मेहत्तर को 4 लाख की सहायता दी गई। रायबती ग्राम चिलपुटी, तहसील कोंडागांव में पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पुत्र झिटकूराम और जेठूराम को 4 लाख की सहायता दी गई। बुधमन देवांगन ग्राम मुलमुला, तहसील कोंडागांव के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी फूलमती देवांगन और बच्चों अशोक, रश्मि और कविता को 4 लाख की सहायता दी गई है। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को यह राशि जल्द से जल्द लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित करने का निर्देश दिए हैं।

## स्वस्थ नारी- सशक्त परिवार अभियान जिले में में 7,118 लोग हुए लाभान्वित



**कोण्डागांव**। महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण पर केंद्रित स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का प्रभाव जिले में लगातार बढ़ रहा है। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस पखवाड़े में अब तक 156 स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से कुल 7,118 लोगों को लाभ मिला है।

इन शिविरों में न सिर्फ महिलाओं, बल्कि पुरुषों को भी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और जाँच सुविधाएँ दी गईं। आँकड़ों के अनुसार, 6,446 महिलाएँ और 672 पुरुष इस अभियान से लाभान्वित हुए हैं। कार्यक्रम के तहत, एनीमिया की जाँच, पोषण परामर्श, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छता और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े सत्र आयोजित किए गए। इस दौरान 19 यूनिट रक्त भी इकट्ठा किया गया। अभियान से जुड़ी महिलाओं ने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की शपथ ली। इस अभियान के तहत, विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों पर मया मड़ई का आयोजन भी हो रहा है। इन आयोजनों में महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा से जुड़े विषयों पर जागरूक किया जा रहा है। यहाँ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, एनीमिया की रोकथाम, संतुलित आहार और मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष मार्गदर्शन दिया जा रहा है। जिससे लोग अपने और अपने परिवार के स्वास्थ्य को लेकर अधिक जागरूक हो रहे हैं।

## दीदी ई–रिक्शा योजना ने आदिलक्ष्मी को दी नई राह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव।

कोण्डागांव के नहरपारा की रहने वाली आदिलक्ष्मी यादव का जीवन कभी संघर्षों से भरा था। परिवार का भरण–पोषण करने के लिए वह दूसरों के घरों में खाना बनाकर गुज़ारा करती थीं, लेकिन उनके मन में आत्मनिर्भर बनने का सपना था। अपने सपने को पूरा करने के लिए आदिलक्ष्मी ने सरकार की दीदी ई–रिक्शा योजना के बारे में जानकारी ली।

सरकारी सहायता श्रम विभाग के अधिकारियों ने उन्हें योजना और मिलने वाली आर्थिक सहायता के बारे में विस्तार से बताया। आर्थिक सहयोग छत्तीसगढ़ भवन एवं संनिर्माण कर्मकार मंडल में पंजीत होने के कारण उन्हें एक लाख रुपए की सहायता राशि मिली।



आदिलक्ष्मी ने इस योजना का लाभ उठाकर अपना ई–रिक्शा खरीदा और आज वह इसे चलाकर हर महीने 15,000 से 20,000 रुपए तक कमा रही हैं। इस आय से वह न केवल अपने ई–रिक्शा की ईएमआई भर पाती हैं, बल्कि अपने परिवार का भी अच्छे से पालन–पोषण कर रही हैं। आत्मविश्वास और खुशी आदिलक्ष्मी का कहना है कि अपनी मेहनत से पैसे कमाकर उन्हें बहुत खुशी और आत्मविश्वास महसूस होता है।

### महिला सशक्तिकरण का प्रतीक

आदिलक्ष्मी ने भावुक होकर बताया कि जिन सड़कों पर वह कभी पैदल काम पर जाती थीं, आज उन्हीं सड़कों पर अपने ई–रिक्शा में लोगों को बैठाकर ले जाती हैं। उनकी कहानी इस बात का प्रमाण है कि सही अवसर और मेहनत से महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकती हैं। उन्होंने इस मदद के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

## पेज 9 के शेष

### ग्रामवासियों को नहीं...

पक्ष में फैसला होना चाहिए । उन्होंने कहा कि ग्रामवासी वन अधिकार पट्टे और गूगल नक्शा को लेकर भटक रहे हैं । ये रहे मौजूद : इस दौरान कोंडागांव जिला अध्यक्ष शंकर नेताम, युवा मोर्चा संभागीय अध्यक्ष, विनोद शोरी, जिला महामंत्री उदय भंडारी, जिला संगठन मंत्री चामसिंह कश्यप, जगदलपुर महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रिया यादव, शहर मंडल महामंत्री जगदलपुर सुरेश नाग, शहर मंडल सचिव निहारिका सिंह, बस्तर जिला प्रवक्ता अलका नदान एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एनएचएम के कर्मचारियों ने...

गजबिये, बाल्मीकि मिश्रा, चेतन कश्यप, बंशी मौर्य, मीना केजी, पिलेश्वरी जोशी, लछमनी सेठिया, महेंद्र कुंजाम एवं बृजबाला रहे।

बॉक्स.....

स्वास्थ्य केन्द्रों में लगे ताले

संघ की जिला अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला जंगले ने बताया जा रहा है कि कर्मचारियों के भरोसे शासकीय अस्पतालों में संस्थागत प्रसव, पैथोलॉजी जांच खून, पेशाब, ट्रू-नाट, सीबीनाट, टीबी, कुष्ठ, मलेरिया जांच, ओपीडी, नवजात शिशु देखभाल, आंगनबाड़ी स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण आहार वितरण, एनसीडी स्क्रीनिंग, वृद्ध स्वास्थ्य परीक्षण, ओटी, एमसीएच अस्पताल, आपातकालीन सेवाएं संचालित होती हैं। लेकिन हड़ताल के चलते ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं लगभग ठप हो चुकी हैं। कई स्वास्थ्य केन्द्रों में ताले लटक गए हैं, मरीज इलाज के लिए भटक रहे हैं, वहीं रात्रिकालीन प्रसव सेवाएं पूरी तरह एवं ऑपरेशन ओटी पूरी तरह बंद हो गई हैं।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 20 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 शारदीय नवरात्र की तैयारियों में जुटे नगरवासी



12 छात्रावास में 5 साल से नहाने व शौच की समस्या





# बस्तर दशहरा : बकरे की बलि के देकर फूलरथ में चढ़ाया मगरमुंही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्वविख्यात बस्तर दशहरा की रियासतकालिन परम्परानुसार शुक्रवार को फूलरथ के चारों चक्कों के निर्माण व एक्सल लगाने के बाद मगरमुंही चढ़ाया गया। इस दौरान काती पुजारी व रथ निर्माण करने वाले कारीगरों के द्वारा पूजा अर्चना कर बकरे की बलि दी गई।

गौरतलब है कि कि बस्तर दशहरा में प्रति वर्ष एक नए रथ का निर्माण किया जाता है जिसमें एक वर्ष 4 चक्के व दूसरे वर्ष 8 चक्के के रथ का निर्माण झारउमरगांव व बेड़ा उमरगांव के कारीगरों द्वारा किया जाता है। इस वर्ष चार चक्कों का नया रथ तैयार किया जा रहा है। शुक्रवार को रथ के चारों पहिए के निर्माण व एक्सल चढ़ाने के बाद मगरमुंही चढ़ानी रस्म की अदायगी की गई। रथ के पहिए पर विशाल मगरमुंही लकड़ी को माचकोट के जंगल से पण्डरीपानी परगना के ग्रामीणों द्वारा लाया गया था। इसके निर्माण के बाद इसे चढ़ाने बड़ी संख्या में रथ निर्माण करने वाले कारीगर मौजूद थे। काती पुजारी दीनू द्वारा पूजा अर्चना की गई। इस दौरान केवट, बढ़ई व रथ निर्माण करने वाले कारीगरों के मुखिया दलपति व कवंल के द्वारा पूजा अर्चना की गई। इस दौरान परम्परानुसार काले बकरे की बलि दी गई। मगरमुंही चढ़ाने के दौरान दशहरा समिति सचिव व तहसीलदार राहुल गुप्ता, पटवारी फूलचंद यादव, सत्यनारायण सेठिया, भुवन पाण्डे समेत राजस्व विभाग के लोग मौजूद थे।

### काती पुजारी व रथ निर्माण करने वाले कारीगरों ने की पूजा अर्चना





### रविवार को काछनगादी पूजा विधान

बस्तर दशहरा की महत्वपूर्ण रस्म काछनगादी पूजा विधान की अदायगी रविवार को जाएगी। परम्परानुसार पथरागुड़ा स्थित काछनगादी मंडप में शाम 5 बजे पूजा की जाएगी। इसमें दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी व अन्य सेवाकारों द्वारा पूजा सामग्री व बाजे गाजे के साथ काछनगादी मण्डप पहुंचेगें जहां श्रद्धालुओं की मौजूदगी में पूजा किया जाएगा। यह बस्तर दशहरा की तीसरी बड़ी रस्म है।

## खबर संक्षेप

### शिविर में 292 श्रमिकों ने करायी स्वास्थ्य जांच



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के आयोजन के तहत श्रम विभाग द्वारा गुरुवार को बकावंड विकासखण्ड के ग्राम पंचायत धोबीगुड़ा में श्रमिकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में कुल 292 श्रमिक लाभान्वित हुए तथा 38 श्रमिकों का नवीन पंजीयन किया गया। शिविर स्थल पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा श्रमिकों के रक्तचाप, मधुमेह, खून की जांच की गई एवं निःशुल्क दवा वितरण किया गया। श्रम पदाधिकारी भुपेन्द्र नायक ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में जिले के श्रमिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ देने के लिए निःशुल्क श्रमिक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है।

### पीड़ित परिवारों को दी गई 8 लाख की सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा प्राकृतिक आपदा पीड़ित 2 परिवार को 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है। जिसके तहत तहसील लोहण्डीगुड़ा के ग्राम बड़ाजी निवासी राजकुमार की मृत्यु पानी में डूबने से पिता नागेश्वर और रवि कश्यप की मृत्यु तालाब पानी में डूबने से पिता नागेश्वर को प्रत्येक हेतु चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### बस्तर की दीदियों ने सुना दीदी के गोठ का प्रसारण



**जगदलपुर।** रेडियो के माध्यम से प्रसारित होने वाले विशेष कार्यक्रम ''दीदी के गोठ'' का 18 सितंबर को बस्तर जिले की 28 सामुदायिक स्तरीय संगठनों की महिला सदस्यों ने सामूहिक श्रवण किया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ सरकार की एक अनूठी पहल है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाना और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उन तक सीधे पहुंचाना है। इस कार्यक्रम को सुनने के लिए सभी सीएलएफ केंद्रों पर विशेष व्यवस्था की गई थी। इस दौरान बड़ी संख्या में दीदियों ने एक साथ बैठकर रेडियो पर प्रसारित हो रहे इस कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुना।

### नॉक आउट फुटबॉल स्पर्धा आयोजित होगी कल से



**जगदलपुर।** बाल संस्था फुटबॉल क्लब जगदलपुर के द्वारा स्वर्गीय धीरज डेविड की स्मृति में 7 ए साइड नॉक आउट फुटबॉल प्रतियोगिता 21 से 28 सितंबर तक ईबीए मिशन ग्राउंड में शहर के वरिष्ठ खिलाड़ियों की उपस्थिति में शुभारंभ किया जाएगा। प्रतियोगिता में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लगभग नामी गिनामी 22 टीमें भाग ले रही हैं। आयोजन समिति की ओर से विजेता टीम हेतु ट्राफी एवं प्रोत्साहन नगद राशि एवं उप विजेता टीम को स्व. इसराइल पानी की स्मृति में नकद राशि एवं ट्रॉफी प्रदान किया जाएगा। इसकी जानकारी मीडिया प्रवक्ता अनिमेष दास एवं जॉन नाथ द्वारा दी गई।

### सिंचाई साधन विकसित करने विभाग को वांछित सफलता नहीं मिली

# बस्तर में सिर्फ 12 फीसदी रकबा ही अब तक सिंचित हो पाया, 20 साल में 300 करोड़ खर्च

अनिल सामंत ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

आजादी के बाद से बस्तर में आज पर्यन्त कोई बड़ी सिंचाई योजना विकसित नही होने से यहां के किसान मानसून बारिश के भरोसे कृषि कार्य पर निर्भर है। जबकि बस्तर में प्राणदायनी मुख्य नदी इंद्रावती है। नदी बस्तर के पठार से होकर बहती है और गोदावरी नदी में मिलती है। इंद्रावती की कई सहायक नदियाँ और नाले हैं,जिनमें प्रमुख रूप से मारकंडी नदी हैं। वही अन्य सहायक नदियों में कोटरी, और नारंगी है। वही दंतेवाड़ा में शंखिनी और डंकिनी नदी है। ये दोनों नदियाँ बस्तर की महत्वपूर्ण नदियाँ हैं। कोटरी और नारंगी ये नदियाँ इंद्रावती की उत्तरी सहायक नदियाँ हैं और उत्तर-पूर्वी बस्तर के बड़े हिस्से का जल निकासी करती हैं। चिंतावागु यह इंद्रावती की दक्षिणी सहायक नदी है, जबकि अन्य सहायक नदी में शबरी नदी है। बस्तर में सिंचाई का रकबा केवल 12 प्रतिशत है। इन्द्रावती नदी समेत इसकी सहायक नदियों में आज पर्यन्त कोई बड़ी सिंचाई परियोजना नही बन पाई। खासकर लोहंडीगुड़ा के मटनार,1979 से प्रस्तावित बोदघाट सिंचाई योजना पर काम शुरू नहीं हो पाया।

- अंचल की प्राणदायनी इन्द्रावती नदी और उसकी सहायक नदियों पर कोई बड़ी परियोजना नहीं

विदित हो कि जिले में सिंचाई सुविधा विकसित करने सिंचाई विभाग ने 20 साल में करीब 300 करोड़ रूपए खर्च कर दिए, लेकिन 20 साल में सिर्फ 20 हजार हेक्टयेर ही सिंचित रकबा बढ़ पाया। जबकि 50 हजार हेक्टेयर से अधिक बढ़ाने का लक्ष्य था। सूत्रों के मुताबिक मध्यप्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद बस्तर जिले में सिर्फ 12 फीसदी रकबा ही अब तक सिंचित हो पाया है,जबकि 82 फीसदी रकबे में अब भी किसान मानसून के भरोसे खेती करते हैं। उल्लेखनीय है कि सिंचाई विभाग द्वारा सिंचित रकबा बढ़ाने लगातार प्रयास खोखला साबित हो रहा है। पूर्व में बनाए गए सिंचाई परियोजनाओं को भी विभाग संचालित नहीं कर पा रहा है,जबकि नए-नए सिंचाई परियोजनाओं की किसानों को सपना दिखाया जा रहा है। वर्तमान में बस्तर जिले में सिंचाई को लेकर एकमात्र कोसारटेडा मध्यम सिंचाई परियोजना ही है,जिसके माध्यम से किसानों को रबि सीजन में पानी मिल पा रहा है,यहां भी विभाग ने जितनी लक्ष्य निर्धारित किया है,उतने रकबे के लिए पानी नहीं मिल रहा है। जिले में हर साल 1 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचित रकबा बढ़ पा रहा है। सूत्रों के मुताबिक वर्ष 2003 में जिले में 11,925 हेक्टेयर रकबे सिंचित था,जो 2019 में बढ़कर 32 हजार हेक्टेयर हो गया था,वर्तमान में सिंचित रकबा 35 हजार हेक्टेयर के आसपास ही रह गया है। सिंचित रकबे में बढ़ोतरी नहीं होने से सबसे अधिक नुकसान ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को उठाना पड़ रहा है। सिंचाई सुविधा नहीं मिलने के कारण किसान रबी सीजन में चाहकर भी खेती नहीं कर पाते हैं।

### कई जगहों पर केनाल खराब होने से किसानों को नहीं मिल पा रहा पानी

बस्तर जिले में सिंचाई विभाग के अन्तर्गत एक मध्यम सिंचाई परियोजना कोसारटेडा है। इसके अलावा 7 व्यपवर्तन योजना, 7 उदवहन सिंचाई योजना,31 लघु सिंचाई योजना,40 एनीकट एवं स्टापडेम निर्मित किये गए है। इन सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से किसानों को खरीफ एवं रबी सीजन में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करवाया जाता है पर कई जगहों पर केनाल खराब होने के कारण किसानों को पानी नहीं मिल पा रहा है।



### सिंचाई सुविधा विस्तार कार्य प्रस्तावित

बस्तर में सिंचाई सुविधा का विस्तार के अभी हाल में ही व्यपवर्तन और बैराज सिंचाई योजना प्रस्तावित है। इन योजनाओं पर कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। जिसके बाद सिंचाई का रकबा में वृद्धि होगी।

**वेद पांडे**
ईई,जल संसाधन

### नो-पार्किंग में खड़े वाहनों से दुर्घटना की आशंका बढ़ी



**जगदलपुर।** संभागीय मुख्यालय से सटे सरगीपाल बायपास सड़क में दोनों ओर किनारे ट्रक खड़ी रहने से वाहनों को जाने-आने के लिए जगह नहीं रहती, जिससे हमेशा दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इसकी सूचना पर परिवहन विभाग के उड़नदस्ता की टीम ने कई बार नो-पार्किंग वाहनों के खिलाफ जुर्माना कार्रवाई की। उसके बाद भी वाहन चालकों एवं मालिकों ध्यान नहीं है। सड़क किनारे खड़ी वाहनों से सड़क की पटली जर्जर हो रही है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। इस बार उड़नदस्ता की ओर से नो-पार्किंग वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा, जिसमें एक बार से अधिक जुर्माना होने के बाद भी नो-पार्किंग में वाहन खड़ा रखने वाले वाहनों को जब्त कर कोर्ट भेजा जाएगा। इसके लिए सरगीपाल बायपास, आनंद ढाबा से लालबाग तक, गीदम रोड में उड़नदस्ता की टीम पहुंचकर कार्रवाई करेगी और टैक्स बकायादार वाहनों पर सख्ती करेगी।

- उड़नदस्ता की कार्रवाई के बाद भी वाहन चालकों का ध्यान नहीं

#### होगी सख्त कार्रवाई

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक अनिल घरडे ने बताया कि परिवहन नियमों का उल्लंघन करते मिले वाहनों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**उड़नदस्ता टीम को दिए निर्देश :** संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि उड़नदस्ता की टीम को नो-पार्किंग और सड़क किनारे खड़ी वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है।

## ग्रामवासियों को नहीं मिला वन अधिकार पट्टा

**जगदलपुर।** वन अधिकार पट्टा एवं गूगल नक्शा प्रदान करने को लेकर वर्ष 2021 से आज तक अपनी लड़ाई लड़ रहे मोहलई के ग्रामवासियों के साथ आज बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद के नेतृत्व में कोंडागांव डीएफओ कार्यालय का घेराव किया गया।उन्होंने कहा कमिश्नर ,कलेक्टर ,संबंधित वन अधिकारी सभी को आवेदन सौंपा जा चुका है परंतु आज तक कागजी कार्रवाई के अलावा या फैसला ग्रामीणों के पक्ष में नहीं हुआ। जिसके चलते ही विवश होकर मुक्ति मोर्चा को ग्राम वासियों के साथ सड़क पर उतरकर आज घेराव करना पड़ा। कोंडागांव गांव ब्लॉक अंतर्गत ग्राम मोहलई और माकड़ी के बीच का यह मामला वर्ष 1996-97 का है। ग्रामीण वहां कास्त करते आ रहे थे । जहां के लोगों का कहना है कि माकड़ी वन समिति द्वारा कब्जा कर रोका जा रहा है। नवनीत ने कहा 2 ग्राम पंचायत के बीच इस विवाद को एसडीओ डीएफओ जैसे जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा जिला समिति के गठन कर पर्याप्त जांच एवं प्रस्तावित दस्तावेज के आधार पर जो पक्ष सही पाया जाता है उसके ▶▶| शेष पेज 10 पर

- डीएफओ कार्यालय का मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस ने किया घेराव



## बच्चों को अश्लील विडियो दिखाने और पीटने वाला गुरुजी सस्पेंड

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिश एस ने 18 सितंबर को बालक आश्रम गोंदियापाल, विकासखण्ड बस्तर का आकस्मिक निरीक्षण किया था । निरीक्षण के दौरान यह तथ्य सामने आया कि सुकरू राम बघेल प्रभारी अधीक्षक बालक आश्रम गोंदियापाल के द्वारा आश्रम संचालन में घोर लापरवाही बरती जा रही है। आश्रम के छात्रों ने कलेक्टर को अवगत कराया कि अधीक्षक के द्वारा उनके साथ मारपीट, गाली गलौच एव अभद्र भाषा का उपयोग कर अश्लील विडियो दिखाकर उसका नकल करने प्रेरित किया जाता है। बघेल का उक्त कृत्य छ०ग० सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के उपनियम (1) के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है। जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने सुकरू राम बघेल, प्रभारी अधीक्षक मूलपद सहायक शिक्षक एलबी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

- कलेक्टर के औचक निरीक्षण में बच्चों ने बताई शिक्षक की कारस्तानियां

## एनएचएम कर्मचारियों ने शुरू की क्रमिक भूख हड़ताल

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संघ के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर चल रही हड़ताल के 33 वें दिन एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार का ध्यान अपनी जायज मांगों की ओर आकर्षित करने के लिए, कर्मचारियों ने शुक्रवार से सत्याग्रह उपवास यानी क्रमिक भूख हड़ताल की शुरूआत की है। धरना स्थल पर मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि सरकार की उपेक्षा के कारण उन्हें यह शांतिपूर्ण रास्ता अपनाना पड़ा है। उनका कहना है कि यह सत्याग्रह उपवास उनकी मांगों, विशेषकर नियमितीकरण को पूरा होने तक जारी रहेगा। भूख हड़ताल के साथ ही, शाम के समय सभी कर्मचारियों ने भजन-कीर्तन का आयोजन किया, जो उनके दृढ़ संकल्प और शांतिपूर्ण संघर्ष का प्रतीक है। इस आध्यात्मिक कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने यह संदेश दिया कि वे अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन उनका संघर्ष अहिंसक और सकारात्मक रहेगा। कर्मचारियों ने उम्मीद जताई है कि सरकार जल्द ही उनके इस सत्याग्रह उपवास को गंभीरता से लेगी और उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई करेगी। शुक्रवार को भूख हड़ताल 24 घंटे रखी गई, इसमें डॉ. रीवन साहू, पिंटू ▶▶| शेष पेज 10 पर

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मियों की हड़ताल का 33वां दिन




### जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की वार्षिक आमसभा में दी जानकारी

# कृषकों एवं ग्रामीणों की आय संवृद्धि के लिए हरसंभव पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित हरिस एस ने शुक्रवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के 77 वीं वार्षिक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि समूचे बस्तर संभाग में सेवारत बैंक में अभी 47 शाखाएं कार्यरत हैं। बैंक द्वारा 258 आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों का वित्तपोषण किया जाता है। बैंक द्वारा 7 नवीन शाखा धनोरा, नानगुर, जेपरा, दहीकोंगा, बेनूर, अमोड़ा एवं बड़ेराजपुर खोले जाने के प्रस्ताव भारतीय रिजर्व बैंक को भेजे गये हैं। बस्तर संभाग में बैंक के कुल 40 एटीएम मशीन जिसमें से 2 मोबाइल एटीएम वैन बस्तर एवं नारायणपुर में संचालित हैं। जिसके माध्यम से बैंकिंग सुविधा को ग्रामीणों तक पहुंचाने के लिये हाट-बाजारों मड़ई, मेला एवं कस्बों में मोबाईल एटीएम वैन द्वारा सेवाएं दी जा रही है। बैंक कृषकों के हित में लगातार अपनी सेवा एवं क्षेत्र का विस्तार कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की किसान हितैषी नीति के अनुरूप बैंक अंतर्गत समितियों के माध्यम से कार्यक्षेत्र के कृषकों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अधिकतम 5 लाख तक अल्पकालीन कृषि ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।



आमसभा में बैंक के सीईओ केएस ध्रुव ने बताया कि बस्तर संभाग के कुल 645292 कृषक परिवार में से 31 मार्च 2025 तक कुल 451950 कृषक लेम्पस के सदस्य थे। अभी 11951 नये सदस्य बनाए गए हैं। वर्ष 2024-25 में 200474 किसानों को अल्पकालीन केसीसी ऋण 103373.42 लाख रुपए एवं 176 कृषकों को मध्यकालीन एवं दीर्घकालीन अंतर्गत 408.92 लाख रुपए का ऋण वितरण हुआ है। बैंक द्वारा अगस्त 2025 से यूपीआई की सुविधा भी प्रारंभ की गई है। बस्तर संभाग के 228 समितियों में पैक्स कम्प्यूटराइजेशन का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। वर्तमान में 8 समितियों द्वारा रियल टाइम प्रविष्टि का कार्य किया जा रहा है। शेष समितियों द्वारा सितंबर 2025 तक रियल टाईम कार्य प्रारंभ करने का लक्ष्य रखा गया है।

**ये रहे मौजूद :** आम सभा में अंशधारी सदस्यों सहित नाबार्ड के प्रतिनिधि, आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों को प्रतिनिधि और सहकारिता, कृषि, उद्यानिकी एवं आनुशांगिक विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

#### 4 किसान उत्पादन संगठन का गठन

सीईओ ने बताया कि केन्द्र शासन की योजना के तहत समितियों के माध्यम से बस्तर जिले में 3 एवं सुकमा जिले में 1 इस प्रकार कुल 4 किसान उत्पादन संगठन का गठन किया गया है। जिनमें अब तक कुल 1610 सदस्यों को जोड़ा गया है जो क्षेत्र में उत्पादित खाद्य सामग्रियों के प्रसंस्करण, पैकिंग एवं मार्केटिंग सुविधा प्रदाय करेंगे। बैंक की आम सभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत स्वीकृत बजट के विरूद्ध व्यय सहित वार्षिक प्रतिवेदन, अनुमानित बजट इत्यादि पर अनुमोदन किया गया।

## पंक्ति ने जीता मिस टीन छत्तीसगढ़ का ताज

**जगदलपुर।** बस्तर की नन्हीं सितारा 13 वर्ष की छात्रा पंक्ति बेदरकर ने भारत का गौरव प्रतियोगिता में मिस टीन इंडिया 2025 में छत्तीसगढ़ का ताज अपने नाम किया है। 17 सितम्बर को नई दिल्ली में तालियों की गड़गड़ाहट के बीच जब पंक्ति के सिर पर ताज रखा गया, तो पूरा सभागार गूंज उठा । अब पंक्ति राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। उनका सपना है कि मिस टीन इंडिया का राष्ट्रीय खिताब छत्तीसगढ़ की झोली में आए और बस्तर का नाम चमकते सितारों की तरह पूरे भारत में रोशन हो। अपनी इस सफलता का श्रेय पंक्ति ने अपनी मां तरूणा साबे को दिया है।

- दिल्ली में बिखेरी बस्तर की चमक



## सक्षम ने गरबा को लेकर एएसपी को दिया ज्ञापन

**जगदलपुर।** शारदीय नवरात्र के दौरान शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा पंडालों में मां जगदम्बा की पूजा-अर्चना सहित गरबा आयोजनों में असामाजिक तत्वों की घुसपैठ रोकने सहित अन्य मांगों को लेकर सनातन क्षेत्रीय मंच सक्षम ने पुलिस अधीक्षक के नाम एएसपी महेश्वर नाग को ज्ञापन सौंपा है। मांगपत्र में पदाधिकारियों ने कहा कि नवरात्र पर मां भगवती की आराधना की परंपरा रही है। वहीं इसी आराधना के तहत पारंपरिक गरबा रास का आयोजन भी किया जाता है। नियमों को तोड़ने वालों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की जा सके।

## खबर संक्षेप

### बड़ा हादसा टला, कार कीचड़ में फंसी



भोपालपटनम। ग्राम रूद्रारम स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बड़ी दुर्घटना होते-होते टल गई। जानकारी के अनुसार कार क्रमांक सीजी 18 एन 0403 के चालक ने कथित तौर पर नशे की हालत में वाहन चलाते हुए नियंत्रण खो दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने कीचड़ से भरे गड्ढे में जा फंसी। गनीमत रही कि वाहन किसी अन्य वाहन या राहगीर से नहीं टकराया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और वाहन चालक को बाहर निकाला।

### जिला अस्पताल सुकमा में पौधरोपण



**सुकमा।** जिला अस्पताल सुकमा परिसर में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव एवं जिला वन अधिकारी अक्षय भोसले के नेतृत्व में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अमरूद, सीताफल, जामुन एवं आंवला जैसे फलदार वृक्ष लगाए गए। अधिकारियों ने कहा कि आने वाले वर्षों में ये पौधे अस्पताल परिसर को हरियाली और पोषण दोनों से समृद्ध करेंगे। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद सुकमा की उपाध्यक्ष भुनेश्वरी यादव, सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डीपीएम, पीपीआईए फेलो, चिकित्सकगण, अस्पताल स्टाफ तथा वन विभाग के कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी ने मिलकर पौधों का रोपण किया और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

### दिल्ली में बिखरी छग की सांस्कृतिक छटा



**भोण्ड।** सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला में छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति ने सबका मन मोह लिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शिक्षा में पुतलीकला कठपुतली कला की भूमिका पर आधारित इस कार्यशाला में बस्तर जिले से उमाशंकर साहू और तिलेश्वर साहू सहित 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया। देशभर से आए 11 राज्यों के 68 शिक्षक, कलाकार व शिक्षा विशेषज्ञ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को रोचक, प्रभावशाली और स्थानीय सांस्कृतिक तत्वों से समृद्ध बनाना है। सीसीआरटी के विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को कठपुतली निर्माण, संचालन तकनीक तथा शैक्षिक संदर्भ में इसके उपयोग की विधियों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान आज छत्तीसगढ़ के प्रतिभागियों ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से राज्य की भौगोलिक, राजनीतिक व सांस्कृतिक विविधताओं को प्रभावशाली ढंग से

# शारदीय नवरात्र की तैयारियों में जुटे नगरवासी

## सजने लगे मां के पंडाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम



गीदम क्षेत्र में शारदीय नवरात्र की तैयारियाँ जोरों पर हैं। मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना के लिए भव्य और आकर्षक पूजा पंडालों का निर्माण तेजी से हो रहा है। कलाकार और कारीगर दिन-रात जुटकर पंडालों को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। साथ ही नवरात्र के दौरान मां दंतेश्वरी के दर्शन के लिए पैदल जाने वाले पद यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उनके लिए सुविधा केंद्रों की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। इन केंद्रों पर यात्रियों को ठहरने, जलपान और प्राथमिक चिकित्सा जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। पूरे क्षेत्र में नवरात्र का उत्साह देखने लायक है। पंडालों को रंग-बिरंगी लाइटों और सजावटी सामग्री से सजाया जा रहा है। मां दुर्गा की प्रतिमाओं को भी भव्य और आकर्षक रूप दिया जा रहा है, जो भक्तों को मंत्रमुग्ध कर देगा। स्थानीय प्रशासन और नगर पंचायत की ओर से भी तैयारियों में सहयोग किया जा रहा है। क्षेत्र में सुरक्षा और यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है, जिससे कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## पॉलीटेक्निक में मनाया गया विश्वकर्मा जयंती



**बीजापुर।** जिले के एकमात्र इंजीनीयरिंग संस्थान शासकीय पॉलीटेक्निक बीजापुर में बड़े हर्षोल्लास के साथ भगवान विश्वकर्मा तथा प्रयोगशाला मशीनों उपकरणों की पूजा अर्चना की गई। इस कार्यक्रम में संस्था के समस्त कर्मचारी-अधिकारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। पूजा अर्चना पश्चात विद्यार्थियों को वर्कशॉप में रखे मशीनों के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही कार्यक्रम में भारत रत्न तथा महान अभियंता भारतरत्न सर मोक्षगुड्डम विश्वेशरैय्या को भी याद किया गया। विद्यार्थियों ने प्रसाद का आनंद लिया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य सी के राहंगडाले ने विद्यार्थियों को विश्वकर्मा की तरह कुशल तथा भारत रत्न विश्वेशरैय्या की तरह उत्तम इंजीनियर बनने अपने व्याख्यान द्वारा प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम प्रभारी संदीप कुमार सोनी एवं पी संदीप के

# लियाफी की मजबूती से प्रबंधन मान रहा अभिकर्ताओं के हित की बातें: राव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर





विशाखापट्नम से पहुंचे 75 वर्षीय राष्ट्रीय अध्यक्ष एन गजपति राव ने अभिकर्ताओं में जोश भरते कहा कि लियाफी के मजबूत संगठन होने के कारण प्रबंधन को अभिकर्ताओं के जायज मांगों को मानना पड़ रहा है। उन्होंने अपना

■ संगठन की शक्ति से सभी काम हो रहे : खान

स्वयं का अनुभव बताते कहा कि जब मैं 40 साल पहले 1985 में एलआईसी अभिकर्ता बना उस दौरान काम आसान नहीं था। न संचार सुविधा थी न ही आवागमन न अन्य व्यवस्था। कड़ी मेहनत के बाद बीमा होता था लेकिन 4-6 महिने बाद कमीशन हाथ में आता था। धीरे-धीरे आज ऐसा कोई मांग नहीं है जो लियाफी ने प्रबंधन के सामने अपना मजबूत पक्ष रखते हुए पूरा न किया हो। आज तो अभिकर्ताओं को आवेदन देते ही कई तरह की सुविधाएं प्राप्त हो जाती है। उन्होंने संगठन में एकजुटता को असली ताकत बताते हुए बस्तर के सभी अभिकर्ताओं को एक होकर अपना बीमा व्यवसाय का कार्य पूरी मेहनत के साथ करने की बात कही। राष्ट्रीय अध्यक्ष के उत्साह और जोश जो उन्होंने 75 साल के उम्र में भी धारा प्रवाह बोलते हुए व्यक्त किए उसे सभी अभिकर्ताओं ने सराहा। भोपाल से आए प्रदेश अध्यक्ष मो. सईद खान ने बीमा से संबंधित ज्ञानवर्धक जानकारी और अभिकर्ताओं को मिलने वाली सुविधाओं सहित आने वाले अड़चनो को किस तरह दूर किया जा सकता है उसके उपाय बताए। उन्होंने भी लियाफी के राष्ट्रीय और प्रदेश के पदाधिकारियों द्वारा पूरे देश में घूम घूमकर अभिकर्ता संघ को मजबूत करने के प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने डेथ क्लेम में हो रही परेशानी के लिए किसी भी समय सीधे सम्पर्क करने को कहा। उन्होंने मैं हूं ना कहकर अभिकर्ताओं को खुश कर दिया। आरंभ में अभिकर्ता संघ के अध्यक्ष सुकुमार धर, सचिव मनोज गुप्ता, कोषाध्यक्ष अहमद रजा, कोंडागांव के अध्यक्ष नुतन पांडे, पूर्व अध्यक्ष कौशिक शुक्ला तथा शिशिर श्रीवास्तव, वरिष्ठ पदाधिकारी कमलेश मोदी ने अतिथियों का स्वागत एवं दीप प्रज्वलन के बाद मंचासिन हुए। स्थानीय पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में अभिकर्ता संघ की कार्यप्रणाली और किए जा रहे कार्यो को विस्तार से बताया। प्रदेश अध्यक्ष ने अपने अधिकार का उपयोग करते हुए कौशिक शुक्ला को प्रदेश उपाध्यक्ष तथा संघ अध्यक्ष सुकुमार धर ने बद्रीनाथ जोशी को उपाध्यक्ष मनोनित किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष ने अभिकर्ताओं का अभिनंदन करते प्रमाण पत्र दिए। संचालन धीरेंद्र श्रीवास्तव ने किया। पहली बार बस्तर में आयोजित अभिकर्ता महासम्मेलन के सफल सम्पन्न होने पर सभी में उत्साह दिखा लेकिन संख्या के हिसाब से कम उपस्थिति पर निराशा भी हुई।

## मोदी के जीवनवृत संकल्पना हर व्यक्ति के लिए प्रेरणास्पद



**दंतेवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम शासकीय हाई स्कूल आँवराभाटा परिसर में आदि सेवा पर्व, सेवा पखवाड़ा एवं विकसित भारत की संकल्पना पर आधारित भव्य छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का शुभारम्भ विधायक चैतराम अटामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, जिला पंचायत सदस्य कमला नाग, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, नगरपालिका उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रमेश गावड़े, जनपद पंचायत सदस्य रामूराम नेताम सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा एवं उप संचालक जनसम्पर्क रंजीत पुजारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रदर्शनी का अवलोकन कराया।

# छात्रावास में 5 साल से नहाने व शौच की समस्या



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोपालपटनम

जिला बीजापुर विखं भोपालपटनम के अंतर्गत उल्लूर भोपालपटनम स्थित मॉडल स्कूल छात्रावास भवन में अध्ययनरत कक्षा पहली से 12वीं तक के 100 बच्चे पिछले 5

■ बच्चे जंगल और बोरिंग जाने को मजबूर

वर्षों से बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे हैं। छात्रावास भवन में बाथरूम और शौचालय तो बने हुए हैं, लेकिन उनकी मरम्मत नहीं होने और पानी की कमी के कारण बच्चों को नहाने के लिए बाहर बोरिंग पर जाना पड़ता है और शौच के लिए घने जंगलों का सहारा लेना पड़ता है। घने जंगल होने के कारण सांप बिच्छू का डर बना रहता है। इस दौरान छात्रावास से मात्र 100 मीटर की दूरी पर राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-163 गुजरता है, जिससे किसी भी तरह की अनहोनी की आशंका बनी रहती है।

छात्रावास अधीक्षक ने बताया कि इस समस्या को लेकर उन्होंने दो-तीन बार जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रस्ताव बनाकर दिया है और सुशासन पर भी लिखित शिकायत दर्ज की है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। स्थानीय लोगों और अभिभावकों का कहना है कि छात्रावास भवन में पहले से निर्मित शौचालय की तत्काल मरम्मत कर पानी की व्यवस्था की जाए, ताकि बच्चे सुरक्षित और सम्मानजनक ढंग से अध्ययनरत रह सकें।

# सेवा ही हमारा संकल्पः विधायक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| तोकापाल

तोकापाल जनपद पंचायत में बाढ़ से प्रभावित परिवारों को शुक्रवार को राहत सामग्री का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चित्रकोट विधानसभा के विधायक विनायक गोयल उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयं अपने हाथों से सैकड़ों जरूरतमंद परिवारों को खाद्यान्न, वस्त्र, बिस्तर एवं आवश्यक दैनिक उपयोग की सामग्री वितरित की।

इस अवसर पर गोयल ने कहा कि भाजपा की सरकार हमेशा आपदा के समय आम जनता के साथ खड़ी रहती है। हमारी सरकार का उद्देश्य केवल शासन करना नहीं, बल्कि सेवा करना है। सेवा, सुशासन और समर्पण ही हमारे कार्य का मूलमंत्र है। बाढ़ जैसे संकट की घड़ी में हम पीड़ितों के साथ हैं और उन्हें हर संभव मदद पहुंचाने का कार्य जारी रहेगा। विधायक ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार हर जरूरतमंद व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने का प्रयास कर रही है। किसी भी परिवार को भूखा या बेसहारा नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने दृढ़ता के साथ कहा। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों ने विधायक गोयल और प्रशासन का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस संकट की घड़ी में उन्हें सच्ची राहत मिली है। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता ज़मीनी स्तर पर जनता की सेवा में समर्पित है। उन्होंने कहा कि यह राहत सामग्री केवल एक सहायता नहीं, बल्कि यह संदेश है कि भाजपा परिवार हर परिस्थिति में आम जनता के साथ खड़ा है। कार्यक्रम के अंत में विधायक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे लगातार राहत कार्यों की निगरानी करें और कोई भी पीड़ित परिवार सहायता से वंचित न रहे। इस राहत वितरण कार्यक्रम का जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय, पूर्व विधायक बैदुराम कश्यप, जिला पंचायत सदस्य पदमनी कश्यप, जनपद अध्यक्ष रामबती भण्डारी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष लच्छिन यादव ,पूर्व जनपद अध्यक्ष अर्जुन सेठिया, चन्द्रकान्त भण्डारी, मिटकु राम बघेल, मुन्ना राम कश्यप, शिव सूर्यवंशी एवं जनपद पंचायत तोकापाल के सीईओ, तहसीलदार, व अन्य अधिकारी एवं सरपंच, सचिव, कोटवार, ग्रामीण जन, भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## छू लो आसमान कारली विद्यालय में शिक्षा समिति सभापति ने किया निरीक्षण



गीदम। विकासखंड गीदम के अंतर्गत ग्राम पंचायत कारली में स्थित छू लो आसमान आवासीय विद्यालय का गीदम जनपद उपाध्यक्ष और शिक्षा समिति के सभापति दिनेश कौशल व कारली जनपद पंचायत सदस्य गीता यादव ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में पढ़ाई की गुणवत्ता का जायजा लिया और बच्चों के साथ संवाद किया। बच्चों से उनकी पढ़ाई, रुचियों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करते हुए उन्हें शिक्षा हेतु प्रेरित और प्रोत्साहित किया। बच्चों की शैक्षणिक प्रगति पर फोकस। पढ़ाई के प्रति उनकी रुचि बढ़ाने के लिए संवाद। बच्चों को आत्मविश्वास और लक्ष्य निर्धारण के लिए प्रेरणा दी गई।

# सीएमएचओ को दिए कई चिकित्सा उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



एनएमडीसी, बचेली अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति सदैव संकल्पित व सजग रही है और इसी लक्ष्य को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य से सबंधित कई गतिविधियों का संचालन आस -पास के जिलों में

■ स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने एनएमडीसी कर रहा निरंतर प्रयास

करते हुए निरंतर विकास में सहयोग दे रही है।

इसी कड़ी में एनएमडीसी बचेली के सीएसआर विभाग के जोसी थॉमस, उप महाप्रबंधक मा.सं. सीएसआर द्वारा 19 सितम्बर को सीएमएचओ, बीजापुर को कई चिकित्सा उपकरण प्रदान किये गए। इन उपकरणों में अल्ट्रा साउंड मशीन 1, बेबी वार्मर मशीन 30, फोटोथेरपी 25, अप्पर जीआई एंडोस्कोपी 1 एवं फ्लोर क्लीनिंग मशीन 7 शामिल हैं। सीएसआर मद से लगभग 4 करोड़ के ये स्वास्थ्य सम्बन्धी उपकरण सेवाओं में वृद्धि एवं गुणवत्ता को बढ़ाने में सहयोगी साबित होंगे। साथ ही साथ समीपवर्ती क्षेत्रों के आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने में आसानी होगी।

# जंगल में सजा था जुए का फड़, दर्जन भर जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर





बोधघाट पुलिस ने बीते 24 घटें में थाना क्षेत्र में दो अलग कार्रवाई में 12 जुआरियों को गिरफ्तार कर हजारो रूपए नगद, मोबाईल व ताश के 52 पते जब्त कर कार्रवाई की।

जुए का फड़ सजे होने की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी सुमित कुमार डी धोत्रे के मार्गदर्शन में बोधघाट टीआई लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश के बाद टीम द्वारा पहली कार्रवाई सरगीपाल के जंगल में करते हुए आधा दर्जन जुआरियों से 11 हजार 320 रूपए नगद, दो गड्डी ताश बंडल व 5 नग मोबाइल जब्त किया गया। इस दौरान जुआ खेल रहे आरोपी कुलदीप सिंग उर्फ जसवीदर 28 वर्ष, तुषार बाज 20 वर्ष, चंदा उर्फ माटी सिंग 33 वर्ष, अनिल सागर 29 वर्ष, बादल सिंग 35 वर्ष व गोलू सिंग 27 वर्ष निवासी दंतेश्वरी वार्ड को गिरफ्तार किया गया। टीआई लीलाधर राठौर ने बताया कि करकापाल व सरगीपाल के जंगल में जुआरियों द्वारा ताश के 52 पत्ते से रुपए पैसे का दांव लगाया जा रहा था।

वहीं आड़ावाल बरगद पेड़ व आरटीओ ऑफिस के पास जुआ खेलने की सूचना मिली थी जिसके बाद टीम द्वारा रेड कार्रवाई करते हुए जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। आधा दर्जन जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 19 हजार 250 रूपए नगद व दो गड्डी ताश के पती जब्त किया गया। सभी आरोपियों के खिलाफ छग जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

बोधघाट पुलिस ने जुए के फड़ में रेड कार्रवाई करते हुए आरोपी एम नानीराव 31 वर्ष निवासी अटपहरी सेमरा, अर्जुन राव 28 वर्ष निवासी सेमरा, एम अनवर अंसारी 28 वर्ष निवासी सेमरा, जगदीश ठाकुर 28 वर्ष निवासी तेली सेमरा, लुप्तेश्वर 35 वर्ष निवासी आड़ावाल ओरना कैम्प तथा गुड्डु नेताम 30 वर्ष निवासी तुलनार को गिरफ्तार कर जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की। दोनो कार्रवाई में लोकेश्वर नाग, एएसआई सतीश श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक पवन श्रीवास्तव, आरक्षक होरीलाल आर्मो, कामदेव दर्रो, युवराज, थानेन्द्र सिन्हा, विजय तिर्की व अजित सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## भानपुरी में मनाई गयी विश्वकर्मा जयंती



**जगदलपुर।** भानपुरी के आईटीआई रोड के समीप सांस्कृतिक भवन में मजदूर कल्याण संघ के द्वारा भगवान विश्वकर्मा मूर्ति पर दीप प्रज्वलित कर साथ ही निर्माण कार्य मे लगने वाली सामग्री का पूजा पाठ कर फल मिठाई एवं स्वल्पाहार वितरण के साथ राज मिस्त्री, रेजा, कुली,एवं ठेकेदारो ने बड़े धूमधाम से जयंती मनाई।

# महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाने लगा शिविर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बस्तर

भारत सरकार के स्वस्थ नारी सशक्त परिवार राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत ग्राम पंचायत रतेंगा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार लाना था। बस्तर सेवक मंडल, जगदलपुर द्वारा आयोजित इस शिविर को बस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तीरथ हॉस्पिटल, और महिला एवं बाल विकास विभाग का सहयोग प्राप्त हुआ। शिविर में डॉक्टरों और उनकी टीम ने लगभग 500 गर्भवती महिलाओं, कुपोषित बच्चों और बुजुर्गों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान, जरूरतमंदों को दवाएं और आयुर्वेदिक काढ़ा भी वितरित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वेदबती कश्यप, जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान और स्थानीय सरपंच समेत कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। बस्तर सेवक मंडल के संचालक सेबी मैथ्यू, परियोजना समन्वयक विठ्ठल वानखेड़े और शेखर गंजीर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनके साथ, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों की टीम, विकासखंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नाग, महिला एवं बाल विकास विभाग की सेक्टर सुपरवाइजर अनुका चंद्रवंशी, ग्राम पंचायत के सरपंच सुनील कश्यप, और सभी मितानिनों की टीम ने भी सराहनीय सहयोग दिया।










